निस्सन्तान सरकारी कर्मचारियों को परिवार भत्ता

6348. **श्री निहाल सिंह :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार उन कर्मचारियों को, जिनके जन्म भर सन्तान उत्पन्न नहीं हुई है और जो इस प्रकार बाल भत्ते से वंचित रहे हैं, परिवार भत्ता देने का सरकार का विचार है;

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रतिरक्षा मंत्रालय द्वारा जवानों को ऐसा भत्ता दिया जाता है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार अन्य मंत्रालय के ऐसे कर्मचारियों को भी यह भत्ता देने का है; और

(घ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) और (घ). ये प्रश्न नहीं उठते।

सरकारी कर्मचारियों को बाल शिक्षा भत्ता

6349. **श्री निहाल सिंह** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार केवल उन्ही सरकारी कर्मचारियों को बाल शिक्षा भत्ता देती है जिनके स्कूल जाने वाले बच्चे उनके अपने गांवों में रहते हैं और यदि हां, तो किन आधारों पर यह भत्ता दिया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन कर्मचारियों को, जिनके स्कूल जाने वाले बच्चे अपने माता-पिता के साथ नगरों में रहते हैं यह भत्ता नहीं दिया जाता; और

(ग) क्या सरकार का विचार उन कर्मचारियों को भी, जो अपने बच्चों को राजधानी में अथवा अन्य नगरों में अपने साथ रखते हैं, यह भत्ता देने का है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) से (ग). जहां तक केन्द्रीय सरकार के कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों का सम्बन्ध है, शिक्षा संबंधी सहायता की दो मुख्य योजनाएं चालू हैं। उनमें से 'संतान शिक्षण भत्ता' नाम की एक योजना का अभिप्राय उन मामलों में मदद करना है, जिनमें आश्रित बच्चे, संबंधित कर्मचारियों के प्रधान कार्यालय तथा निवास स्थान से भिन्न जगहों पर रह रहे हैं तथा मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे हैं। दूसरी 'शिक्षा-शुल्क की व्ययपूर्ति' संबंधी एक अधिक सामान्य योजना अपने माता पिता के साथ रह रहे बच्चों के लिये शिक्षा संबंधी सहायता की व्यवस्था है। गाँव के स्कूलों में तथा नगर के स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के बीच कोई भेद नहीं रखा गया है।

नई दिल्ली में अंग्रेजी के नामों वाले अस्पतालों, सड़कों ब्लाकों तथा बजारों का पुनः नाम-करण

6350. **श्री निहाल सिंह :** क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन, निर्माण, आवास और नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली में अंग्रेजों के नामों वाले अस्पतालों, सड़कों, ब्लाकों तथा बाजारों के नामों को बदलने का सरकार का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इन्हें कब बदला जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं।

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति) : (क) से (ग)